अजय कुमार आजाद, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी द्वारा दिनांक—31.05.2024 को पथ प्रमंडल, ढ़ाका अंतर्गत NABARD योजना के अधीन कोटवा से साहेबगंज भाया बझिया पथ (कि0मी0 0.00 से 26.825) का निरीक्षण प्रतिवेदन।

उपस्थित पदाधिकारी का नाम—

1. श्री अमित सैनी, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, चकिया।
2. श्री दिनेश रंजन, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, ढ़ाका।

<u>कोटवा से साहेबगंज भाया बझिया पथ (कि0मी0 0.00 से 26.825)</u>

इस पथ की कुल लंबाई 26.825 कि0मी0 है जिसके संवेदक Sona Engicon Pvt. Ltd. के द्वारा चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। यह पथ कोटवा (NH-27) से बझिया होते हुए साहेबगंज जाती है। पथ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पथ का कार्य पूर्ण हो चूका है। पथ के Flank में मिट्टी का कार्य में प्रगति काफी धीमी है जबकि Flank में मिट्टी कार्य कराना सख्त जरूरी है, इस संबंध में स्थल पर उपस्थित पदाधिकारी को मिट्टी कार्य में शीघ्र तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया। पथ के चैनेज 15.075 कि0मी0 पर 1 x 18.00m Span का HL Bridge के कार्य हेतु दोनो Abutment के 8-8 No Pile का Casting किया हुआ पाया गया। Pile Cap या इससे संबंधित अन्य कार्य नहीं किया जा रहा था। HL Bridge का कार्य की प्रगति काफी धीमी है। इस संबंध में स्थल पर उपस्थित अभियंता द्वारा बतलाया गया कि Abutment Shaft की Height T/S के प्राक्कलन में मात्र 0.875m का प्रावधान है, जिसे Height 2.90m करने हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन में प्रावधान किया जा रहा है। इस संबंध में शीघ्र पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया। पथ के चैनेज 25वे एवं 14वे कि0मी0 में Box Culvert निर्माण कार्य के Approach Slab का कार्य किया हुआ नहीं पाया गया। इस संबंध में स्थल पर उपस्थित अभियंता को Approach Slab का कार्य शीघ्र कराने एवं अन्य शेष बचे कार्य में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया।

ह0—
अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।

ज्ञापांक— दिनांक—

प्रतिलिपि—कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, ढ़ाका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0—
अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।

ज्ञापांक— 429 दिनांक— 31.05.24

प्रतिलिपि—मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु समर्पित।

(हस्ताक्षर) 31.5.24
अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।